# चतुर्थ अध्याय

## प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

Regional Institute of Education
LIBRARY

## अध्याय–4

# प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या

### 4.1 भूमिका

प्रदत्तों का विश्लेषण एवं व्याख्या शोध प्रक्रिया के आगमन तथा निगमन तर्क के प्रयोग को व्यक्त करता हैं। स्वनिर्मित उद्‌देश्य के अध्ययन हेतु पदत्तों को समूह व उपसमूह में विभाजित कर विश्लेषण तथा अंतिम परिणाम ज्ञात किया जाता है। जो नवीन सिद्धांत की खोज अथवा सामान्यीकरण के रूप में होता है। प्रदत्तों के विश्लेषण के अन्तर्गत उनकी उपलब्धियों की तुलना अनेक परीक्षण द्वारा शोध के उद्‌देश्यों का निष्कर्ष प्राप्त निष्पति द्वारा किया जाता हैं।

प्रथम अध्याय में शोध का औचित्य शोध के उद्‌देश्यों तथा तृतीय अध्याय में शोध की प्रविधि का वर्णन किया गया हैं। इस अध्याय में प्रदत्तों के विश्लेषण हेतु सांख्यिकी विधि (प्रतिशत) का उपयोग किया गया हैं।

प्रस्तुत अध्याय में सर्वप्रथम अभिभावकों को दी गई निर्धारण मापनी के 27 विधानों का विश्लेषण किया गया हैं। तत्पश्चात वैकल्पिक प्रश्नावली के 22 प्रश्नों का विश्लेषण किया गया हैं। अंत में वर्णनात्मक प्रश्नावली के 17 प्रश्नों का विश्लेषण किया गया हैं।

## 4.2 प्रदत्तों का विश्लेष एवं व्याख्या

निर्धारण मापनी''आप का क्या मानना है?'' के 27 विधानों को निम्न तालिका नं–1 में प्रतिशत के आधार पर विश्लेषण किया गया हैं।

| क्र. | सहमत | | | | तटस्थ | | | | असहमत | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| 1 | 8 | 20 | 8 | 20 | 8 | 20 | 9 | 23 | 24 | 60 | 23 | 58 | GF | G.F.* |
| 2. | 20 | 50 | 12 | 30 | 5 | 13 | 10 | 25 | 15 | 38 | 18 | 45 | GB | G.B** |
| 3. | 23 | 58 | 17 | 43 | 7 | 18 | 6 | 15 | 10 | 25 | 17 | 43 | GF | G.N*** |
| 4. | 11 | 28 | 13 | 33 | 6 | 15 | 7 | 18 | 23 | 58 | 20 | 50 | GB | GB |
| 5. | 29 | 73 | 28 | 70 | 6 | 15 | 8 | 20 | 5 | 13 | 4 | 10 | GB | GB |
| 6. | 2 | 5 | 4 | 10 | 4 | 10 | 6 | 15 | 34 | 85 | 30 | 75 | GF | GF |
| 7. | 10 | 25 | 25 | 63 | 11 | 28 | 5 | 13 | 19 | 48 | 10 | 25 | GB | GF |
| 8. | – | – | – | – | 2 | 5 | 3 | 8 | 39 | 95 | 37 | 93 | GF | GF |
| 9. | 30 | 75 | 29 | 73 | 7 | 18 | 4 | 10 | 3 | 8 | 7 | 18 | GB | GB |
| 10. | 24 | 60 | 23 | 58 | 7 | 18 | 2 | 5 | 9 | 23 | 15 | 38 | GB | GB |
| 11. | 15 | 38 | 12 | 30 | 6 | 15 | 7 | 18 | 18 | 45 | 22 | 55 | GN | GN |
| 12. | 35 | 88 | 33 | 83 | 1 | 3 | 3 | 8 | 4 | 10 | 4 | 10 | GF | GF |
| 13. | 35 | 88 | 31 | 78 | 2 | 5 | 4 | 10 | 3 | 8 | 5 | 13 | GF | GF |
| 14. | 35 | 88 | 30 | 75 | 5 | 13 | 7 | 18 | 4 | 10 | 5 | 20 | GF | GF |
| 15. | 31 | 78 | 28 | 70 | 5 | 13 | 7 | 18 | 4 | 10 | 5 | 13 | GF | GF |
| 16. | 23 | 58 | 13 | 33 | 5 | 13 | 2 | 5 | 12 | 30 | 25 | 63 | GB | GF |
| 17. | – | – | 5 | 13 | 2 | 5 | 6 | 15 | 38 | 95 | 29 | 73 | GB | GB |
| 18. | 23 | 58 | 23 | 58 | 5 | 13 | 5 | 13 | 12 | 30 | 12 | 30 | GF | GF |
| 19. | 23 | 58 | 23 | 58 | 5 | 13 | 5 | 13 | 12 | 30 | 12 | 30 | GF | GF |
| 20. | 3 | 8 | 2 | 5 | – | – | 3 | 8 | 37 | 93 | 35 | 88 | GF | GF |
| 21. | 40 | 100 | 40 | 100 | – | – | – | – | – | – | – | – | GF | GF |
| 22. | 33 | 83 | 32 | 80 | 4 | 10 | 4 | 10 | 3 | 8 | 4 | 10 | GF | GF |
| 23. | 17 | 43 | 22 | 55 | 6 | 15 | 8 | 20 | 17 | 43 | 10 | 25 | GN | GF |
| 24. | 24 | 60 | 22 | 55 | 8 | 20 | 11 | 28 | 8 | 20 | 7 | 18 | GF | GF |
| 25. | 25 | 63 | 27 | 68 | 7 | 18 | 6 | 15 | 8 | 20 | 7 | 18 | GF | GF |
| 26. | 32 | 80 | 26 | 65 | 3 | 8 | 6 | 15 | 5 | 13 | 8 | 20 | GF | GF |
| 27. | 34 | 85 | 32 | 80 | 6 | 15 | 8 | 20 | – | – | – | – | GF | GF |

*** GF = लैंगिक हितेच्छुक ** G.B. लैंगिक पक्षपात, ***G.N. लैंगिक निरपेक्ष**

- विधान नं. 1 लड़कियों की स्वतंत्रता समाज के लिये भयरूप हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 20 प्रतिशत माता/20 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 20 प्रतिशत माता/23 प्रतिशत पिता तटस्थ और 60प्रतिशत माता/58 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ध्यान में आता हैं कि अधिकत्तर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति लिंग हितेच्छुक हैं।

- विधान नं. 2 लड़के नृत्यकला सीख सकते हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 50 प्रतिशत माता/30 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 13 प्रतिशत माता/25 प्रतिशत पिता तटस्थ हैं और 38 प्रतिशत माता/45 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ज्ञात होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति लैंगिक पक्षपातपूर्ण हैं।

- विधान नं. 3 आप अपनी लड़की को तबलावादक बनाना पसंद करोगे। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 58 प्रतिशत माता/43 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 18 पतिशत माता/15 प्रतिशत पिता तटस्थ और 25 प्रतिशत माता/43 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह मालूम पड़ता है कि माताओं की अभिवृत्ति लैंगिक हितेच्छुक हैं, लेकिन पिताओं की अभिवृत्ति लैंगिक निरपेक्ष हैं।

- विधान नं. 4 लड़की का पति घरजमाई रह सकता हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 28 प्रतिशत माता/33 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 15 प्रतिशत माता/18 प्रतिशत तटस्थ और 58 प्रतिशत माता/50 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ज्ञात होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति लैंगिक पक्षपातपूर्ण हैं।

- विधान नं. 5 लड़कियों को ससुराल में रहना चाहिए। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 73 प्रतिशत माता/70 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 15 प्रतिशत माता/20 प्रतिशत पिता तटस्थ और 13 प्रतिशत माता/10 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह पता लगता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति लैंगिक पक्षपातपूर्ण हैं।

- विधान नं. 6 शादी में दहेज लेकर अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का अधिकार पुरूषों के पास होना चाहिए। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 5 प्रतिशत माता/10 पिता

सहमत हैं। 10 प्रतिशत माता 15 प्रतिशत पिता तटस्थ ओर 85 प्रतिशत माता / 75 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इस विधान के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति लैंगिक हितेच्छुक है।

- विधान नं.7 लड़का लड़की की शादी की उम्र समान होनी चाहिए। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 25 प्रतिशत माता / 63 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 28 प्रतिशत माता / 13 प्रतिशत पिता तटस्थ और 48 प्रतिशत माता / 25 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ज्ञात होता हैं कि इस विधान के प्रति पिताओं की अभिवृत्ति लैंगिक हितेच्छुक हैं किन्तु माताओं की अभिवृत्ति 'लैंगिक पक्षपातपूर्ण' हैं।

- विधान नं. 8 लड़कियों की शिक्षा के पीछे किया गया खर्च बेकार हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 5 प्रतिशत माता / 8 प्रतिशत पिता तटस्थ और 95 प्रतिशत माता / 92 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ध्यान में आता हैं कि इस विधान के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।

- विधान नं. 9 लड़कियां मिश्रशाला में पढ़ सकती हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 75 प्रतिशत माता / 73 प्रतिशत पिता सहमत है। 18 प्रतिशत माता / 10 प्रतिशत पिता तटस्थ हैं। इससे यह मालूम होता हैं कि अधिकत्तर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधन के प्रति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

- विधान नं. 10 लड़कियां अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सकती है। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 60प्रतिशत माता / 58 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 18 प्रतिशत माता / 5 प्रतिशत पिता तटस्थ और 23 प्रतिशत माता / 38 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह पता लगता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति लैंगिक हितेच्छुक है।

- विधान नं. 11 लड़का गुजराती माध्यम में पढ़ सकता है। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 38 प्रतिशत माता / 30 प्रतिशत पिता सहमत है, 15 प्रतिशत माता / 18 प्रतिशत पिता तटस्थ और 45 प्रतिशत माता / 55 प्रतिशत असहमत है। इससे यह ध्यान

में आता है कि इस विधान के प्रति अधिकत्तर अभिभावकों की अभिवृत्ति लैंगिक निरपेक्ष हैं।

- विधान नं. 12 स्त्री शिक्षा को सहयोग देने वाले पुरूषों को मेरा वंदन हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 88 प्रतिशत माता/83 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 3 प्रतिशत माता 8 प्रतिशत पिता तटस्थ और 10 प्रतिशत माता/10 प्रतिशत पिता असहमत हैं। जबकि विधान नं. 13 स्त्री शिक्षा को सहयोग देने वाली स्त्रीयों को मेरा वंदन हैं। इस विधान से 88 प्रतिशत माता/78 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 5 प्रतिशत माता/10 प्रतिशत पिता तटस्थ और 8 प्रतिशत माता/13 प्रतिशत पिता असहमत हैं। विधान नं. 12 और 13 से ज्ञात होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इन विधानों के प्रति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

- विधान नं. 14–खाना पकाने के कार्य में लड़का मददगार बन सकता हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 88 प्रतिशत माता/75 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 13 प्रतिशत माता/5 प्रतिशत पिता तटस्थ और 20 प्रतिशत पिता असहमत है। इससे ज्ञात होते हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति 'लैंगिक हितेच्छुक' है।

- विधान नं. 15–जहां स्त्रीयों की पूजा होती हैं वहां देवताओं का वास होता हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 78प्रतिशत माता/70 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 13 प्रतिशत माता/18प्रतिशत पिता तटस्थ और 10 प्रतिशत माता/13 पिता असहमत हैं। इससे यह मालूम होता है कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।

- विधान नं. 16–ऑलम्पिक खेलों में पुरुष भारत का नाम विख्यात कर सकता है। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 58 प्रतिशत माता/33 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 13 प्रतिशत माता/5 प्रतिशत पिता तटस्थ और 30 प्रतिशत माता/63 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ज्ञात होता है कि इस विधान के प्रति पिताओं की अभिवृत्ति लैंगिक पक्षपातपूर्ण दिखाई पड़ती है।

● विधान नं. 17–लड़कियों को पेन्ट–शर्ट पहनना चाहिए। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 13 प्रतिशत पिता सहमत है। 5 प्रतिशत माता/15 प्रतिशत पिता तटस्थ और 95 प्रतिशत माता/73 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ध्यान में आता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस विधान के प्रति लैंगिक पक्षपात दिखाता है।

● विधान नं. 18–आपकी लड़की कोई अन्जान लड़के से बात कर सकती हैं। और विधान नं. 19–आपका लड़का कोई अन्जान लड़की से बात कर सकता हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस दोनों विधानों से 58 प्रतिशत माता/58 प्रतिशत पिता सहमत है। 13 प्रतिशत माता/13 प्रतिशत पिता तटस्थ और 30 प्रतिशत माता/30 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे ज्ञात होता है कि इन दोनों विधानों के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

● विधान नं. 20–स्त्री का अवतार पीछले जन्म के पाप का परिणाम हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 8 प्रतिशत माता / 5 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 8 प्रतिशत पिता तटस्थ और 93 प्रतिशत माता/88 प्रतिशत पिता अहसमत हैं। इससे यह मालूम होता है कि इस विधान के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।

● विधान नं. 21–अगर मौंका दिया जाए तो लड़कियां सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 100 प्रतिशत माता तथा पिता सहमत हैं। उससे यह स्पष्ट होता है कि इस विधान के प्रति सभी अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

● विधान नं. 22–पिताजी के व्यवसाय में लड़की मददगार बन सकती हैं। कुल 80 अभिभावकों में से इस विधान से 83 प्रतिशत माता/80 प्रतिशत पिता सहमत हैं। 10 प्रतिशत माता/10 प्रतिशत पिता तटस्थ और 8 प्रतिशत माता/10 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस विधान के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक दिखाई दे रही हैं।

● विधान नं. 23 लड़का वर्ग के व्यवसाय में सफल हो सकता है। कुल 80 अभिभावकों

**वैकल्पिक प्रश्नावली के 22 प्रश्नों को निम्न तालिक नं 2 में प्रतिशत के आधार पर विश्लेषण किया गया है।**

| क्र. | हा | | | | ना | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| 1 | 33 | 83 | 37 | 93 | 7 | 18 | 3 | 8 | G.F. | G.F.* |
| 2. | 37 | 93 | 40 | 100 | 3 | 8 | – | – | G.F. | G.F. |
| 3. | 35 | 88 | 32 | 80 | 5 | 13 | 8 | 20 | G.F. | G.F. |
| 4. | 36 | 90 | 37 | 93 | 4 | 10 | 3 | 8 | G.F. | G.F. |
| 5. | 37 | 93 | 40 | 100 | 3 | 8 | – | – | G.F. | G.F. |
| 7. | 30 | 75 | 26 | 65 | 10 | 25 | 14 | 35 | G.F. | G.F. |
| 8. | 40 | 100 | 40 | 100 | – | – | – | – | G.F. | G.F. |
| 9. | 36 | 90 | 35 | 88 | 4 | 10 | 5 | 13 | G.F. | G.F. |
| 12. | 28 | 70 | 21 | 53 | 12 | 30 | 19 | 48 | G.B. | G.B.** |
| 16. | 38 | 95 | 40 | 100 | 2 | 5 | – | – | G.F. | G.F. |
| 17. | 36 | 90 | 31 | 78 | 4 | 10 | 9 | 23 | G.F. | G.F. |
| 18. | 19 | 48 | 16 | 40 | 21 | 53 | 24 | 60 | G.B. | G.B. |
| 19. | 17 | 43 | 16 | 40 | 21 | 53 | 24 | 60 | G.B. | G.B. |
| 20. | 30 | 75 | 30 | 75 | 10 | 25 | 10 | 25 | G.F. | G.F. |
| 21. | 38 | 95 | 37 | 93 | 2 | 5 | 3 | 8 | G.F. | G.F. |

*G.F. = लैंगिक हितेच्छुक, **G.B. = लैंगिक पक्षपात

- प्रश्न नं. 1 घर में झाडू लगाने का कार्य लड़के को करना चाहिए? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 83 प्रतिशत माता/ 93 प्रतिशत पिता सहमत और 18 प्रतिशत माता/ 8 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।

- प्रश्न नं. 2 लड़कियों पायलट बन सकती हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 93 प्रतिशत माता/100 प्रतिशत पिता सहमत और 8 प्रतिशत माता असहमत है। इससे यह ज्ञात होता है कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक है।

- प्रश्न नं. 3 लड़कियां सेना की नौकरी कर सकती है? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 88 प्रतिशत माता/ 80 प्रतिशत पिता सहमत और 13 प्रतिशत माता/20 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ज्ञात होता है कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक है।

- प्रश्न नं. 4 लड़कियां बंदूक जैसे खिलोने से खेल सकती हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 90 प्रतिशत माता/ 93 प्रतिशत पिता सहमत और 10 प्रतिशत माता/ 8 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह स्पष्ट होता हैं कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक है।

- प्रश्न नं. 5 लड़कियां लड़कों के साथ खेल सकती हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 93 प्रतिशत माता/100 प्रतिशत पिता सहमत और 8 प्रतिशत माता असहमत हैं। इससे यह ध्यान में आता है कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

- प्रश्न नं. 7 घर के अन्दर के कार्य पुरूष को करना चाहिए? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 75 प्रतिशत माता/65 प्रतिशत पिता सहमत और 25 प्रतिशत माता / 35 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह ज्ञात होता हैं कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।

- प्रश्न नं. 8–लड़कियां सफल नेता बन सकती हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 100 प्रतिशत माता पिता सहमत हैं। इससे ज्ञात होता हैं कि सभी अभिभावक इस प्रश्न के प्रति लैंगिक हितेच्छुक है।

- प्रश्न नं. 9–लड़का लड़की दोनों को समान स्वतंत्रता देनी चाहिए? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 90 प्रतिशत माता / 88 प्रतिशत पिता सहमत और 10 प्रतिशत माता/13 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे स्पष्ट होता हैं कि अधिकतर अभिभावक इस प्रश्न के प्रति लैंगिक हितेच्छेक हैं।

- प्रश्न नं. 12–कम्प्यूटर शिक्षा लड़कों के लिये अधिक आवश्यक हैं कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 70 प्रतिशत माता/53 प्रतिशत सहमत और 30 प्रतिशत माता/48 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे ज्ञात होता हैं कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक पक्षपातपूर्ण हैं, और माताओं का लैंगिक पक्षपात पिताओं से अधिक हैं।

- प्रश्न नं. 16–व्यावसायिक कार्य स्त्री कर सकती हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 95 प्रतिशत माता/ 100 प्रतिशत पिता सहमत हैं और 5 प्रतिशत माता असहमत हैं। इससे यह ध्यान में आता है कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

- प्रश्न नं. 17–लड़का लड़की एक बैन्च पर बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 90 प्रतिशत माता/78 प्रतिशत पिता सहमत और 10 प्रतिशत माता/23 प्रतिशत माता असहमत हैं। इससे ज्ञात होता हैं कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक हितेच्छुक है।

- प्रश्न नं. 18–लड़का लड़की की बुद्धि समान होती हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 48 प्रतिशत माता/40 प्रतिशत पिता सहमत और 53 प्रतिशत माता/60 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे ज्ञात होता हैं कि इस प्रश्न से अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति लैंगिक पक्षपातपूर्ण है।

- प्रश्न नं. 19—लड़का लड़की की शक्ति समान होती है? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 43 प्रतिशत माता/ 40 प्रतिशत पिता सहमत और 58 प्रतिशत माता/ 60 प्रतिशत पिता असहमत हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों को अभिवृति लैंगिक पक्षपातपूर्ण हैं।

- प्रश्न नं. 20—लड़का लड़की के खेलने का समय समान होना चाहिए? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रन से 75 प्रतिशत पिता / 75 प्रतिशत माता सहमत और 25 प्रतिशत माता/25 प्रतिशत पिता असहमत है। इससे ध्यान में आता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति इस प्रश्न के प्रति लैंगिक हितेच्छुक है।

- प्रश्न नं. 21—स्त्री पुरूष को समान कार्य के लिये समान वेतन देना चाहिए? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 95 प्रतिशत माता/ 93 प्रतिशत पिता सहमत और 5 प्रतिशत माता/8 प्रतिशत पिता असहमत है। इससे स्पष्ट होता हैं कि यह प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति लैंगिक हितेच्छुक है।

LIBRARY

**वैकल्पिक प्रश्नावली के प्रश्न नं. 6, 10, 11, 13, 14, 15 और 22 का विश्लेषण निम्न प्रकार किया गया है।**

| क्र. | पुत्री | | | | पुत्र | | | | दोनों | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| | 4 | 10 | 3 | 8 | 8 | 20 | 10 | 25 | 28 | 70 | 27 | 68 | GF | GF |

- प्रश्न नं. 6 किस बच्चे के जन्म के समय आपको अधिक खुशी हुई थी? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 10 प्रतिशत माता/ 8 प्रतिशत पिता पुत्री के जन्म के समय, 20 प्रतिशत माता/25 प्रतिशत पिता पुत्र के जन्म के समय और 70 प्रतिशत माता/68 प्रतिशत पिता दोनों बच्चों के जन्म के समय खुश हुए थे। इससे ज्ञात होता हैं कि अधिकत्तर अभिभावकों की अभिवृत्ति इस प्रश्न के प्रति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं किन्तु पुत्र के जन्म से खुश होने वाले अभिभावकों की संख्या पुत्री के समय खुश होने वाले अभिभावकों से अधिक हैं।

| क्र. | पुत्री | | | | पुत्र | | | | अन्य | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| 1 | 17 | 43 | 18 | 45 | 2 | 5 | 2 | 5 | 21 | 53 | 20 | 50 | GB | GB |

- प्रश्न नं. 10–आप के घर में महमानों को चाय पानी पिलाने कार्य कौन करता हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 43 प्रतिशत माता/45 प्रतिशत पिता का कहना है कि महमानों की चाय पानी पिलाने का कार्य पुत्री करती हैं। 5 प्रतिशत माता/ 5 प्रतिशत पिता का कहना है कि महमानों को चाय पानी पीलाने का कार्य पुत्र करता हैं और 53 प्रतिशत माता/50 प्रतिशत पिता का कहना हैं कि अन्य व्यक्ति करता हैं इससे ज्ञात होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों के व्यवहार में लिंग पक्षपात नजर आता हैं।

| क्र. | पत्नी | | | | पति | | | | दोनों | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| 1 | 3 | 8 | 4 | 10 | 10 | 25 | 8 | 20 | 27 | 68 | 28 | 70 | GF | GF |

- प्रश्न नं. 11 आपके परिवार में सभी निर्णय कौन करता है? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 8 प्रतिशत माता/ 10 प्रतिशत पिता का कहना है कि उनके परिवार में पत्नी निर्णय करते हैं 25 प्रतिशत माता / 20 प्रतिशत पिता का कहना है कि पति निर्णय

करता हैं और 68 प्रतिशत माता / 70 प्रतिशत पिता का कहना हैं उनके परिवार में निर्णय पति–पत्नी मिलकर करते हैं। इससे स्पष्ट होता हैं कि इस प्रश्न के प्रति अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।, फिर भी जिसके परिवार में पति निर्णय करते ऐसे परिवारों की संख्या अधिक हैं।

| क्र. | पुत्र | | | | पुत्री | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| | 19 | 48 | 19 | 48 | 21 | 53 | 21 | 53 | G.N. | G.N. |

- प्रश्न नं. 13 महिने में आप किसके लिये अधिक खर्च करते हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न से 48 प्रतिशत माता/48 प्रतिशत पिता का पुत्र के लिए और 53 प्रतिशत माता/53 प्रतिशत पिता पुत्री के लिए अधिक खर्च करते हैं। इससे ज्ञात होता हैं कि अभिभावकों का व्यवहार लैंगिक निरपेक्ष हैं।

| क्र. | पत्नी | | | | पति | | | | दोनों | | | | नहीं | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | मात | पिता |
| | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | नंबर | प्रति. | | |
| 14 | 2 | 5 | 2 | 5 | 11 | 28 | 11 | 28 | 15 | 38 | 15 | 38 | 12 | 30 | 12 | 20 | GB | GB |
| 15 | 3 | 8 | 3 | 8 | 10 | 25 | 10 | 25 | 6 | 15 | 6 | 15 | 21 | 53 | 21 | 53 | GB | GB |

- प्रश्न नं. 14–आपके बच्चों का बीमा हैं किसका है? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न के उत्तर में 5 प्रतिशत अभिभावकों की पुत्री का बीमा हैं तथा 28 प्रतिशत अभिभावकों के पुत्र का बीमा हैं, 38 प्रतिशत अभिभावकों के दोनों बच्चों का बीमा है और 30 प्रतिशत अभिभावकों के बच्चों का बीमा नही है। इससे ज्ञात होता हैं कि पुत्र का बीमा पुत्री से अधिक हैं, इसलिये पुत्र की सुरक्षा को अभिभावक अधिक महत्व देते हैं। इस तरह बीमा के बारे में अधिकतर अभिभावक लिंग पक्षपात रखते हैं।

- प्रश्न नं. 15–आप के बच्चों का बैंक में बचत खाता हैं? किसका है? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न के उत्तर में 8 प्रतिशत अभिभावकों की पुत्री का बचत खाता हैतथा 25 प्रतिशत अभिभावकों के पुत्र का बचतखाता हैं और 15 प्रतिशत अभिभावकों के दोनों बच्चों का बचत खाता है और 53 प्रतिशत अभिभावकों के बैंक में बचत खाता नहीं है। अधिकत्तर अभिभावक पुत्री से अधिक पुत्र को आर्थिक रूपसे महत्वपूर्ण मानते हैं। अतः अभिभावक पुत्रियों के प्रति लिंग पक्षपात रखते हैं।

| क्र. | पति | | | | पत्नी | | | | अन्य | | | | रिमार्कस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | | पिता | | माता | पिता |
| | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | नंबर | प्रतिशत | | |
| | 35 | 88 | 35 | 88 | 3 | 8 | 3 | 8 | 2 | 5 | 2 | 5 | G.B. | G.B. |

● प्रश्न नं. 22–आपके घर का रजिस्ट्रेशन किसके नाम का हैं? कुल 80 अभिभावकों में से इस प्रश्न के उत्तर में 88 प्रतिशत घर के रजिस्ट्रेशन पति के नाम का है। 8 प्रतिशत घर के रजिस्ट्रेशन पत्नीओं के नाम का हैं और 5 प्रतिशत घरों का रजिस्ट्रेशन अन्य व्यक्ति के नाम हैं इससे ज्ञात होता है कि संपत्ति के बारे में लिंग पक्षपात है।

*** प्रस्तुत विभाग में 'वर्णनात्मक प्रश्नावली' के 17 प्रश्नों के उत्तरों को प्रतिशत के आधार पर विश्लेषण किया हैं।**

**प्र.1 आप अपनी लड़की से क्या–क्या काम कराते हैं?**

**प्र.2. आप अपने लड़के से क्या–क्या काम कराते हैं?**

● पिताओं का लड़कों और लड़कियों के प्रति व्यवहार –

– कुल 40 पिताओं में से 40 प्रतिशत पिता लड़कियों से और 50 प्रतिशत पिता लड़कों से बच्चों की उम्र कम होने के कारण उनके पास शैक्षिक प्रवृत्ति और खेलने के सिवा कुछ काम नही कराते हैं।

– 45 प्रतिशत पिता लड़कियों के पास और 10 प्रतिशत लड़कों के पास खाना पकाना, झाड़ू, कपड़े धोना, बर्तन साफ करना, चाय पानी और खेती में मदद आदि काम कराते हैं।

– 15 प्रतिशत पिता लड़कियों के पास और 40 प्रतिशत पिता लड़कों से बाजार की खरीदी और पोस्ट संबंधी काम कराते हैं।

● माताओं का लड़कों और लड़कियों के प्रति व्यवहार –

– कुल 40 माताओं में से 35 प्रतिशत माता लड़कियों से और 38 प्रतिशत माता लड़कों से उनकी उम्र कम होने के कारण शैक्षिक प्रवृत्ति और खेलने के सिवा कुछ काम नही कराते।

– 40 प्रतिशत माता लड़कियों से और 13 प्रतिशत माता लड़कों से खाना पकाना, झाड़ू

कपड़े धोना, बर्तन साफ करना, चाय पानी और खेती में मदद करना आदि काम कराते है।

– 25 प्रतिशत माता लड़कियों से और 50 प्रतिशत माता लड़कों से बाजार की खरीदी और पोस्ट संबंधी काम कराते हैं।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता हैं कि घरेलू कार्यों और घर के बहार के कार्यो में अभिभावकों का व्यवहार 'लैंगिक पक्षपातपूर्ण' है।

**प्र.3. लड़के को शादी के बाद कहां रहना चाहिए? पिता के घर या ससुराल में क्यों?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 78 प्रतिशत पिताओं और 70 प्रतिशत माताओं का कहना हैं कि लड़के को शादी के बाद पिताजी के घर रहना चाहिए। क्योंकि लड़का पिता का वारीस हैं, भारतीय संस्कृति और परम्परा, पितृप्रधान समाज, माता–पिता की सेवा करना आदि कारण बनायें।

– 23 प्रतिशत पिताओं और 20 प्रतिशत माताओं ने लड़के की पसंद को आखिरी निर्णय माना जबकि 10 प्रतिशत माताओं ने कहां की लड़की ससुराल में रह सकती है तो लड़का क्यूं नहीं? लड़के को भी ससुराल में रहना चाहिए।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि लड़के ही पिताजी के अच्छे वारीस बन सकते हैं लड़कियां नहीं। अतः लड़कियों के प्रति अधिकतर अभिभावकों का व्यवहार और अभिवृति 'लैंगिक पक्षपातपूर्ण' है।

**प्र.4. आप लड़की के जन्म से अधिक खुश हुए थे या लड़के के? क्यों?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 65 प्रतिशत पिता और 73 प्रतिशत माता दोनों बच्चों में अपना खून हैं और दोनों समान होने के कारण दोनों के जन्म से खुश हुए थे। 20 प्रतिशत पिता और 18 प्रतिशत माता पुत्र कुल दीपक है पिता का वारीस है, लंबे समय के बाद पुत्रप्राप्ति और प्रथम बच्चा होने के कारण पुत्र के जन्म से अधिक खुश हुए थे। जबकि 15 प्रतिशत पिता और 10 प्रतिशत माता पुत्री घर की लक्ष्मी हैं और प्रथम बच्चा होने के कारण पुत्री के जन्म से अधिक खुश हुए थे।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक

**प्र.5. स्त्रीयों के लिये कौन–कौन से व्यावसायिक कार्य अच्छे है?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 20 प्रतिशत पिता / 10 प्रतिशत माता ने सभी क्षेत्र, 35 प्रतिशत पिता / 30 प्रतिशत माता ने शैक्षिक और स्वास्थ्य का क्षेत्र, 15 प्रतिशत पिता / 15प्रतिशत माता ने गृहीणी और संगीत क्षेत्र, 18 प्रतिशत पिता / 20 प्रतिशत माता ने खेती और पशुपालन का क्षेत्र, 13 प्रतिशत पिता / 25 प्रतिशत माता ने समाज सेवा और राजकीय क्षेत्र स्त्रीयों के लिये अच्छे व्यावसायिक क्षेत्र हैं ऐसा बताया।

– उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृति 'लैंगिक हितेच्छुक' हैं।

**प्र.6. लड़कियों के लिये कौन–कौन से शिक्षा के क्षेत्र अच्छे है?**

**प्र.7. लड़कों के लिये कौन–कौन से शिक्षा के क्षेत्र अच्छे हैं?**

* **अभिभावकों की लड़कों के प्रति अभिवृत्ति**

– कुल 80 अभिभावकों में से 18 प्रतिशत पिता / 15 प्रतिशत माता लड़कों के लिये शैक्षिक क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 43 प्रतिशत पिता / 23 प्रतिशत माता लड़कों के लिए मेडीकल, विज्ञान, और आई.ए.एस., आई.पी.एस. क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 15 प्रतिशत पिता / 30 प्रतिशत माता कम्प्यूटर का क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 5 प्रतिशत पपिता संगीत, और  कला का क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 20 प्रतिशत पिता / 32 प्रतिशत माता पत्रकारत्व और व्यापार का क्षेत्र लड़कों के लिए अच्छा मानते हैं।

* **अभिभावकों की लड़कियों के प्रति अभिवृत्ति :–**

– कुल 80 अभिभावकों में से 25 प्रतिशत पिता / 45 प्रतिशत माता शैक्षिक क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 15 प्रतिशत पिता / 10 प्रतिशत माता मेडिकल, विज्ञान, और आई.ए.एस, आई.पी.एस., क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 38 प्रतिशत पिता / 28 प्रतिशत माता कम्प्यूटर का क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 12 प्रतिशत पिता / 8 प्रतिशत माता संगीत और कला का क्षेत्र अच्छा मानते हैं। 10 प्रतिशत माता / 10 प्रतिशत पिता पत्रकारत्व और व्यापार को लड़कियों के लिए अच्छा क्षेत्र मानते हैं।

– उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि मेडिकल, विज्ञान और व्यापार आदि क्षेत्रों में लड़कियों के प्रति अभिभावकों में लैंगिक पक्षपात हैं।

**प्र.8. मान लिजीए कि आप के पास सिर्फ इतना ही पैसा हैं कि आप सिर्फ लड़का और लड़की दोनों में से किसी एक को ही पढ़ा सकते हों तो आप किसकों पढ़ाना पसंद करोंगे? क्यों?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 25 प्रतिशत पिता/35 प्रतिशत माता ने लड़की दो परिवार को सुखी कर सकती है, बड़ी हैं और पढ़ने में चतुर होने के कारण पढ़कर छोटे भाई को पढ़ायेगी और स्वावलंबी बनेगी आदि कारणों से लड़की को पढ़ाने को प्राथमिकता दी।

– 30 प्रतिशत पिता और 45 प्रतिशत माता ने पुत्र परिवार का वारिस हैं, पढ़ने में चतुर हैं, और आयु में बड़ा हैं इसलिये पुत्र को पढ़ाने को प्राथमिकता दी।

– 45 प्रतिशत पिता और 20 प्रतिशत माता ने हर हाल में दोनों बच्चों की पढ़ाई पूर्ण करने को कहा।

उपरोक्त विश्लेषण से अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक निरपेक्ष' हैं।

**प्र.9. राज्य और केन्द्र सरकार में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण होना चाहिए? क्यों?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 60 प्रतिशत पिता और 80 प्रतिशत माता ने महिला समान हक की हकदार हैं, और पुरूषों के समान बनाने के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को आवश्यक बताया। जबकि 40 प्रतिशत पिता और 20 प्रतिशत माता उच्च वर्ग के चतुर लोगों को अन्याय होगा, महिलाएं आलसी हो जायेगी इसलिए महिलाओं को 33 प्रतिशत महिला आरक्षण नहीं देने का पक्ष रखा।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि अधिकतर अभिभावक महिला आरक्षण के पक्ष में हैं।

**प्र.10.33 प्रतिशत महिला आरक्षण के बाद महिलाओं की स्थिति में सुधार आयेगा? कैसे?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 85 प्रतिशत माता और 78 प्रतिशत पिता ने कहा कि महिला आरक्षण से स्त्रीयों की सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, साझेदारी बढ़ेगी, महिला जागृत होगी, पुरूषों के समान बनेगी और महिलाओं पर अत्याचार कम होंगे

इस तरह महिलाओं की स्थिति में निश्चित सुधार आयेगा। 23 प्रतिशत पिता और 10 प्रतिशत माता ने कहां कि महिला आरक्षण से पहले समाज की सोच बदलनी चाहिए और महिलाओं को शैक्षिक अवसर अधिक देकर उनकी स्थिति में सुधार लाने की अधिक आवश्यक हैं। और मुक्त में मिलने वाली चीज का कोई महत्व नहीं होता हैं ऐसे महिला आरक्षण से महिलाओं की स्थिति में कोई सुधार नहीं आयेगा ऐसा बताया। जबकि 5 प्रतिशत माता ने कहा कि अब से कुछ कहा नहीं जा सकता।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति महिला आरक्षण' के प्रति लैंगिक हितेच्छुक हैं।

**प्र.11.आप अपनी संपत्ति का बटवारा कैसे करेंगे? (लड़का–लड़की के बीच)**

– कुल 80 अभिभावकों में से 48 प्रतिशत माता और 30 प्रतिशत पिता ने दोनों बच्चे समान हैं इसलिए समान बटवारा करने के पक्ष में हैं। 52 प्रतिशत माता और 70 प्रतिशत पिता पितृक संपत्ति लड़के को और गहने, तथा पैसे आदि दोनों के बीच समान हिस्सों में बटवारा करने के पक्ष में हैं।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि संपत्ति के बारे में अधिकत्तर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक पक्षपातपूर्ण' हैं।

**प्र.12.आपकी लड़की के लिये शादी का एक अच्दा रिश्ता आया हैं, उसी समय उसे उच्च शिक्षा के लिये प्रवेश मिल रहा हैं, यह प्रवेश जीवन में दूसरी बार नहीं मिलेगा, ऐसे समय अपनी लड़की के लिए क्या निर्णय लेंगे?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 65 प्रतिशत पिता और 75 प्रतिशत माता ने उच्च शिक्षा में प्रवेश को प्राथमिकता दी। 15 प्रतिशत पिता और 13 प्रतिशत माता ने लड़की की पसंदगी को आखिरी निर्णय माना। 8 प्रतिशत पिता और 5 प्रतिशत माता ने लड़की की उम्र है। गई हो तो शादी को प्राथमिकता दी। और 13 प्रतिशत पिता और 8 प्रतिशत माता ने रिश्तेवाले को समझाकर उच्च शिक्षा में प्रवेश को प्राथमकता दी।

उपभोक्ता विश्लेषण से स्पष्ट होता हैं कि अधिकत्तर अभिभावकों की अभिवृत्ति 'लैंगिक हितेत्छुक' हैं।

**प्र.13 आपकी लड़की एक विख्यात संस्था में उच्च स्थान पर नौकरी कर रही हैं उनके लिए अच्छे घर से शादी का रिश्ता आया हैं, लेकिन ससुराल वाले शादी के बाद नौकरी छोड़ने की शर्त रखते हैं ऐसे समय आप क्या निर्णय लेंगे? नौकरी छोड़ने का या नौकरी चालू रखकर अच्छे रिश्ते का इन्तेजार करने का।**

– कुल 80 अभिभावकों में से 18 प्रतिशत पिता और 10 प्रतिशत माता ने नौकरी छोड़कर शादी कराना चाहते हैं। जबकि 83 प्रतिशत पिता और 90 प्रतिशत माता नौकरी को अधिक महत्व देते हैं। और रिश्ता जाने देना चाहते हैं।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता है कि अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति लड़कियों की नौकरी के प्रति 'लैंगिक हितेच्छुक' है।

**प्र.14.आपकी लड़की विद्यार्थी संगठन की अध्यक्ष हैं उसको एक अच्छे राजनीतिक दल की ओर से काम करने के लिए आमंत्रण मिलता हैं जो उसे अच्छा भविष्य प्रदान करेगा। ऐसी स्थिति में आप उसे राजनीतिक दल में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहन देंगे? क्यूं?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 35 प्रतिशत पिता और 43 प्रतिशत माता ने राजनीति जनसेवा का अच्छा माध्यम है इसलिए लड़की को राजनीतिक दल में सम्मिलित होने के लिए प्रोत्साहन देंगे। 38 प्रतिशत पिता और 28 प्रतिशत माता राजनीति अच्छा क्षेत्र नहीं है, लड़कियों का शोषण होता हैं और समाज सेवा और शैक्षिक क्षेत्र राजनीति से अच्छा हैं इसलिए वो लड़की को प्रोत्साहन नहीं देंगे। जबकि 28 प्रतिशत पिता और 28 प्रतिशत लड़की की पसंद को प्राथमिकता देने के पक्ष में हैं।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं अधिकतर अभिभावकों की अभिवृत्ति राजनीतिक दलों के प्रति नकारात्मक होने के कारण अपनी लड़की को राजनीतिक दल में जाने देना नहीं चाहते।

**प्र.15.आप और आपके जीवन साथी 'परिवार नियोजन' अपनाना चाहते हो, आप दोनों में से कौन 'परिवार नियोजन' अपनायेगा? क्यूं?**

– कुल 80 अभिभावकों में से 43 प्रतिशत माता और 43 प्रतिशत पिता ने कहां कि उनके परिवार में पत्नी ने परिवार नियोजन अपना लिया हैं। 10 प्रतिशत पिता और

10 प्रतिशत माता ने डाक्टर की सलाह को प्राथमिकता दी। 8 प्रतिशत पिता और 5 प्रतिशत माता ने अच्छे शारिरीक मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी। 8 प्रतिशत पिता और 13 प्रतिशत माता ने समय के अनुसार निर्णय लेने को कहा। 32 प्रतिशत पिता और 16 प्रतिशत माता ने समाज में परिवार नियोजन स्त्री को अपनाने की परम्परा है इसलिए स्त्री को अपनाना चाहिए। जबकि 8 प्रतिशत माता ने कहां कि स्त्री ने बच्चे को जन्म दिया हैं इसलिए परिवार नियोजन पुरूष अपनायेगा।

उपरोक्त विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि अधिकत्तर अभिभावकों अभिवृत्ति परिवार नियोजन के बारे में लैंगिक पक्षपातपूर्ण हैं।

प्र.16. **आप अपनी लड़की के लिये कौन से व्यावसायिक पाठ्यक्रम पसंद करोगे? निम्न पाठ्यक्रमों में से आपका पसंदगी क्रम दीजिए?**

**प्र.17.आप अपने लड़के के लिये कौन से व्यावसायिक पाठ्यक्रम पसंद करोगे? निम्न पाठ्यक्रमों में से आपका पसंदगीक्रम दीजिए?**

<u>व्यावसायिक पाठ्यक्रम</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | वकील | 6 पायलट | 11 क्रिकेट |
| 2 | वैज्ञानिक | 7 शिक्षक | 12 राजनीतिक |
| 3 | डॉक्टर | 8 क्लर्क | 13 किसान |
| 4 | इन्जीनियर | 9 नर्स | 14 हॉकी प्लेयर |
| 5 | फेशन डिजाईनर | 10 बॉक्सर | 15 औद्योगिक |

प्रश्न नं. 16 और 17 का विश्लेषण निम्न तालिका नं. 3, 4 और नं 5 में किया गया हैं।

| क्रम. | व्या.पा. | पिता (पसंदगी क्रम) | | माता | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लड़की | लड़का | लड़की | लड़का |
| 1. | वकील | 5 | 6 | 4 | 4 |
| 2. | वैज्ञानिक | 3 | 5 | 5 | 3 |
| 3. | डॉक्टर | 1 | 1 | 1 | 1 |
| 4. | इन्जीनियर | 4 | 2 | 2 | 2 |
| 5. | फैशन डिजाईनर | 8 | 9 | 8 | 8 |
| 6. | पायलट | 7 | 3 | 7 | 5 |
| 7. | शिक्षक | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 8. | क्लर्क | 9 | 8 | 9 | 9 |
| 9. | नर्स | 6 | 13 | 6 | 15 |
| 10. | बॉक्सर | 10 | 12 | 12 | 13 |
| 11. | क्रिकेटर | 12 | 7 | 11 | 7 |
| 12. | राजनीतिक | 11 | 10 | 14 | 11 |
| 13. | किसान | 15 | 15 | 10 | 10 |
| 14. | हॉकी प्लेयर | 13 | 11 | 15 | 12 |
| 15. | औद्योगिक | 14 | 14 | 13 | 14 |

**तालिका नं. 3**

तालिका नं. 3 में किए गये विश्लेषण से ज्ञात होता हैं कि वकील, वैज्ञानिक, डॉक्टर, इन्जीनियर, क्लर्क, फेशन–डिजाईनर, हॉकी–प्लेयर और आद्योगिक पाठ्यक्रमों की पसंदगी के बारे में अधिकत्तर अभिभावकों की लड़का और लड़की, के लिए समानता पाई गई। इसका अर्थ यह हुआ की उपरोक्त पाठ्यक्रमों के बारे में अभिभावकों में 'लैंगिक निरपेक्षता' हैं। जबकि पायलट, नर्स, बॉक्सर शिक्षक, राजनीति, क्रिकेटर और किसान के पाठ्यक्रम के बारे में अभिभावकों में 'लैंगिक पक्षपात' नजर आता है।

| क्रम. | व्यावसायिक पाठ्यक्रम | लड़की | |
|---|---|---|---|
| | | पिता (पसंदगी क्रम) | माता (पसंदगी क्रम) |
| 1. | वकील | 5 | 4 |
| 2. | वैज्ञानिक | 3 | 5 |
| 3. | डॉक्टर | 1 | 1 |
| 4. | इन्जीनियर | 4 | 2 |
| 5. | फैशन डिजाईनर | 8 | 8 |
| 6. | पायलट | 7 | 7 |
| 7. | शिक्षक | 2 | 3 |
| 8. | क्लर्क | 9 | 9 |
| 9. | नर्स | 6 | 6 |
| 10. | बॉक्सर | 10 | 12 |
| 11. | क्रिकेटर | 12 | 11 |
| 12. | राजनीतिक | 11 | 14 |
| 13. | किसान | 15 | 10 |
| 14. | हॉकी प्लेयर | 13 | 15 |
| 15. | औद्योगिक | 14 | 13 |

**तालिका नं. 4**

तालिका नं. 4 में किये गये विश्लेषण से ज्ञात होता हैं ...

- लड़कियों के लिये 1 से 5 नंबर के पाठ्यक्रम डाक्टर, इजीनियर, वकील, शिक्षक और वैज्ञानिक के लिए अभिभावकों में लैंगिक समानता है।
- लड़कियों के लिये 6 से 10 नंबर के पाठ्यक्रम नर्स, पायलट, फेशन डिजाईनर, क्लर्क, बॉक्सर और किसान के बारे अभिभावकों में लैंगिक समानता हैं।
- लड़कियों के लिये 11 से 15 नंबर के पाठ्यक्रम क्रिकेटर, राजनीति, हॉकी प्लेयर और औद्योगिक के बारे में अभिभावकों में लैंगिक समानता है।

इस तरह अधिकतर अभिभावकों में लड़कियों के पाठ्यक्रम के बारे में समानता हैं।

| क्रम. | व्यावसायिक पाठ्यक्रम | लड़का | |
|---|---|---|---|
| | | पिता (पसंदगी क्रम) | माता (पसंदगी क्रम) |
| 1. | वकील | 6 | 4 |
| 2. | वैज्ञानिक | 5 | 3 |
| 3. | डॉक्टर | 1 | 1 |
| 4. | इन्जीनियर | 2 | 2 |
| 5. | फैशन डिजाईनर | 9 | 8 |
| 6. | पायलट | 3 | 5 |
| 7. | शिक्षक | 4 | 6 |
| 8. | क्लर्क | 8 | 9 |
| 9. | नर्स | 13 | 15 |
| 10. | बॉक्सर | 12 | 13 |
| 11. | क्रिकेटर | 7 | 7 |
| 12. | राजनीतिक | 10 | 11 |
| 13. | किसान | 15 | 10 |
| 14. | हॉकी प्लेयर | 11 | 12 |
| 15. | औद्योगिक | 14 | 14 |

**तालिका नं. 5**

तालिका नं. 5 में किये गये विश्लेषण से ज्ञात होता है कि...

– लड़कों के लिये 1 से 5 नंबर के पाठ्यक्रम डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट, शिक्षक, वकील वैज्ञाानिक के लिए अभिभावकों में लैंगिक समानता है।

– लड़कों के लिये 6 से 10 नंबर के पाठ्यक्रम क्रिकेटर, वकील, क्लर्क, फेशन डिजाईनर, और बॉक्सर के बारे में अभिभावकों में लैंगिक समानता हैं।

– लड़कों के लिये 11 से 15 नंबर के पाठ्यक्रमों राजनीति, किसान, औद्योगिक, हॉकी प्लेयर, के बारे में अभिभावकों में लैंगिक असमानता हैं। किसान के बारे में पिताओं का पसंदगी क्र–15 और माताओं का पसंदगी क्रम–10 हैं।

इस तरह अधिकतर अभिभावकों में लड़कों के पाठ्यक्रम के बारे में लैंगिक समानता हैं।